SECOND TERM SUMMATIVE ASSESSMENT 2026-27

ANSWER KEY / SCORING INDICATORS

हिंदी (HINDI)

Std: X SET 1 **Score: 40**

For teachers **Time: 90 Minutes**

अध्यापकों के लिए: ये उत्तर-संकेत हैं। छात्रों के अपने शब्दों में लिखे उचित उत्तर स्वीकार करें। व्यवहार रूपों में आशय, क्रमबद्धता, भाषा और रूप-रेखा को ध्यान में रखकर अंक दें।

1. (ख) राजा राम ने सुबह से कुछ नहीं खाया था। (1)

2. आधी रात को थका हुआ ड्राइवर राजा राम ऑटो चलाता है। (एक-एक शब्द के सही प्रयोग के लिए 1 अंक) (3)

3. टिप्पणी: राजा राम एक गरीब, दुबला-पतला ऑटो ड्राइवर है। वह आधी रात तक मेहनत करता है। भूखा और थका होने पर भी वह हँसमुख है और विनम्रता से बात करता है। वह स्वार्थी नहीं है – रास्ते में फँसे बूढ़े आदमी को घर पहुँचाता है। वह गरीबी में भी मानवता नहीं भूलता। (संकेतों का उचित विस्तार – 4 अंक) (4)

अथवा – प्रश्नावली (कोई पाँच उचित प्रश्न): आप कितने सालों से ऑटो चला रहे हैं? आप रात में इतनी देर तक क्यों काम करते हैं? आपने आज खाना क्यों नहीं खाया? आपके परिवार में कौन-कौन हैं? दूसरों की मदद करने की प्रेरणा आपको कहाँ से मिलती है? शहर में ऑटो चलाते समय आपको किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है?

4. (ख) बड़ी-बड़ी (1)

5. वे उसे तुच्छ और पराया समझते हैं, मानो वह किसी और दुनिया का हो। उनकी सोच सही नहीं है, क्योंकि वही साधारण आदमी मेहनत से शहर और समाज को चलाता है; हर इंसान सम्मान का अधिकारी है। (2)

6. उसने अपनी नब्ज़ (नाड़ी) की धड़कनों की मदद से दीपक के झूलने का समय गिना। (2)

7. डायरी (पिता की): तिथि, स्थान; बेटे की जिज्ञासा और परखने की बात सुनकर गर्व और खुशी; उसमें सच्चे वैज्ञानिक की झलक; उसका भविष्य उज्ज्वल होगा – यह विश्वास; उसे हर संभव सहायता देने का संकल्प। (भावों की अभिव्यक्ति, भाषा और डायरी की रूप-रेखा) (4)

अथवा – डायरी (गैलीलियो की): तिथि, स्थान; गिरजाघर में झूलता दीपक; नब्ज़ से समय गिनना; झूला छोटा-बड़ा होने पर भी समय बराबर – यह खोज; मन में उत्साह; हर बात को परखने का निश्चय; पिता की प्रशंसा।

8. (क) वह (1)

(ख) बच्चे खेल खेलते थे। (1)

9. केशव बीमार था और उसे ऑटो में डॉक्टर के पास ले जाया जा रहा था, इसलिए सब उसकी सेहत को लेकर चिंतित थे। (अपने दोस्त से प्यार और लगाव) (2)

10. पटकथा: दृश्य संख्या, समय, स्थान (मोहल्ला, ऑटो के पास, दिन); पात्र (केशव, उसकी माँ, पिता, लड़के); दृश्य का वर्णन; पात्रों के संवाद और हाव-भाव (जैसे – लड़का 1: अंकल, केशव कब ठीक होगा?)। (रूप-रेखा, संवाद, भाषा) (4)

11. (ख) अहंकार (1)

12. तिनके ने कवि को यह सीख दी कि घमंड करना व्यर्थ है; एक छोटी-सी चीज़ भी बड़े से बड़े आदमी को बेचैन कर सकती है, इसलिए सबको विनम्र रहना चाहिए। (2)

13. आशय: कवि – अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'; कविता 'एक तिनका'। कवि को अपने बड़प्पन पर घमंड था। मुंडेर पर खड़े होने पर एक तिनका आँख में पड़ता है; आँख लाल हो जाती है, दर्द होता है, वह बेचैन हो उठता है। लोग कपड़े की मूँठ से तिनका निकालते हैं और उसकी ऐंठ भाग जाती है। संदेश – घमंड करना व्यर्थ है, विनम्रता ही मनुष्य का गुण है। सरल भाषा, प्रभावशाली प्रसंग। (4)

अथवा – टिप्पणी: छोटे-से तिनके ने बड़े घमंडी कवि को बेचैन कर दिया; इससे पता चलता है कि किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए; जीवन में छोटी घटनाएँ भी बड़ा सबक देती हैं; विनम्रता का महत्व; उचित निष्कर्ष।

14. (ख) i और iii सही हैं (1)

15. सीतल – शीतल; आपहु – आप भी (स्वयं भी) (2)

16. उचित शीर्षक, जैसे – अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस / सबके लिए बराबर अवसर (1)

17. पोस्टर: शीर्षक (संगोष्ठी – 'सबके लिए बराबर अवसर'); आयोजक (स्कूल का नाम); तिथि – 3 दिसंबर 2026, समय, स्थान; मुख्य वक्ता/अतिथि; आकर्षक नारा (जैसे – "दया नहीं, अवसर दो"); सभी को आमंत्रण। (विषय, प्रस्तुति, भाषा) (4)

www.educationobserver.com